झारखण्ड का प्रथम फिजिकल एकेडमी R.N.S. ACADEMY

# R.N.S ACADEMY

राष्ट्र निर्माण सेना

11 Aug 2024

Follow us on



RN Sir
(Physical Trainer)

SSC | RAILWAY | BANK
JSSC | DEFENCE - ARMY
CAPF | POLICE | Other Competitive Exam

Daily Current Affairs Booster


Website : www.rnsacademy.in
Email : academyrns@gmail.com

Contact : 8084818282, 9113365645


# Daily Current Affairs


Address : RNS Academy, College Road, Pakur, Jharkhand - 816107

## 11 अगस्त का इतिहास

- **1908 :** भारतीय स्वतंत्रता सेनानी शहीद खुदीराम बोस को फांसी दी गई थी।
- **1949 :** भारतीय रिजर्व बैंक के बैस्वेन गवर्नर डी. सुब्बाराव का जन्म हुआ।
- **1347 :** अलाउद्दीन हसन गंगू ने राजसी सत्ता की प्राप्ति और बाहमनी वंश की स्थापना की।
- **1940 :** ब्रिटेन के पोर्टलैंड बंदरगाह पर जर्मनी ने हवाई हमला किया।

## 11 अगस्त से संबंधित करेंट अफेयर्स

- भारत की दो बार की ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मनु भाकर को 2024 पेरिस ओलंपिक के समापन समारोह के लिए भारत का ध्वजवाहक नामित किया गया हैं। इस आयोजन के दोरान भाकर महिला ध्वजवाहक के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। 11 अगस्त को पेरिस ओलंपिक का समापन समारोह होगा। समारोह के लिए भारत के पुरूष ध्वजवाहक की अभी तक पुष्टि नही हुई हैं। भाकर ने पेरिस में शानदान प्रदर्शन किया, कई किरॉर्ड तोड़े और दो कांस्य पदक जीते।
- नागालैंड आपदा जोखिम प्रबंधन पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वाला पहला राज्य बन गया हैं। यह पहला भारतीय राज्य भी बन गया है जिसने एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के बाद आपदा जोखिम हस्तांतरण पैरामीट्रिक बीमा समाधान को अपनाया हैं। यह सझौता ज्ञापन तीन साल के लिए प्रभावी होगा। एसबीआई जनरल इंश्योरेंस और नागालैंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अधिकारियों ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसका उद्देश्य चरम घटनाओं से होने वाले वितीय नुकसान को कम करना और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा करना है।
- भारत ने 2022 में अपने कृषि निर्यात में 55 बिलियन डॉलर से 2023 में 51 बिलियन डॉलर की गिरावट के बावजूद वैश्विक कृषि निर्यात में आठवां स्थान बरकरार रखा। ब्राजील, यूरोपीय संघ और थाईलैंड कृषि उत्पादों के प्रमुख निर्यातक हैं। शीर्ष 10 में अन्य सात अर्थव्यवस्थाओं ने कृषि उत्पादों के अपने निर्यात में कमी देखी।
- रिलायंस इंडस्ट्रीज 2024 के लिए फॉर्च्युन की ग्लोबल 500 सूची में 88वें स्थान से 86वें स्थान पर पहुंच गई है। रिलायंस इंडस्ट्रीज सर्वोच्च रैंक वाली भारतीय कंपनी बनी हुई है। 2021 में 155वें स्थान से कंपनी पिछले तीन वर्षो में 69 पायदान ऊपर चढ़ी हैं। इस साल की फॉर्च्युन ग्लोबल 500 सूची में नौ भारतीय कंपनियां शामिल हैं। उनमें से पांच सार्वजनिक क्षेत्र, से हैं और चार निजी क्षेत्र से हैं। वॉलमार्ट का राजस्व 648 बिलियन डॉलर था, जिससे वह लगातार ग्यारहवें वर्ष सबसे बड़ी कंपनी बनी रही।
- झारखंड के सीएम ने स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के लिए उपस्थिति पोर्टला लॉन्च किया। इससे स्वास्थ्य विभाग के अधीन कार्यरत सभी डॉक्टरों, पारा मेडिकल कर्मियों, संविदा कर्मियों एवं अन्य कर्मियों की दैनिक उपस्थिति दर्ज करने में मदद मिलेगी। इस पोर्टल के तहत स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा बायोमैट्रिक उपस्थिति का क्रॉस वेरिफिकेशन दर्ज किया जाएगा। सरकार राज्य के जिला अस्पतालों को 24x7 चालू रखने के लिए कदम उठाएगी।
- चीनी राज्य के स्वामित्व वाले उद्यम ने अमेरिकी फर्म स्पेसएक्स के स्टारलिंक नेटवर्क के संस्करण का मुकाबला करने के लिए 18 उपग्रहों को सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित किया। उतरी शांक्सी प्रांत में ताइयुआन सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से शंघाई स्पेसकॉम सैटेलाइट टेक्नोलॉजी द्वारा लो अर्थ ऑबिट उपग्रहों को लॉन्च किया गया। उपग्रहों को लॉन्ग मार्च 6 रॉकेट के माध्यम से ले जाया गया। स्पेसएक्स के वाणिज्यिक ब्रांडबैंड समूह में अंतरिक्ष में लगभग 5500 एलईओ उपग्रह हैं। यह उपभोक्ताओं कंपनियों और सरकारी एजेंसियों को इंटरनेट उपलब्ध कराएगा।
- बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने इस्तीफा देकर देश छोड़ दिया। इसके साथ ही उनकी 15 साल की सता खत्म हो गई। बांग्लादेश के सेना प्रमुख जनरल वकर उज जमान ने कहा कि अंतरिम सरकार कार्यभारत संभालेगी। उन्होंने वादा किया कि सेना छात्र प्रदर्शनकारियों पर घातक कार्रवाई की जांच शुरू करेगी। इन प्रदर्शनों में लगभग 300 लोग मारे गए, जिसके कारण शेख हसीना के इस्तीफे की मांग उठने लगी।
- भारत द्वारा नई दिल्ली में पहला बिम्सटेक व्यापार शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया। यह सम्मेलन बंगाल की खाड़ी क्षेत्र में अधिक क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। विदेश मंत्रालय भारतीय उद्योग परिसंघ के साथ साझेदारी में इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के प्रतिभागी भाग लिये जिनमें व्यापार, वाणिज्य, उद्योग और ऊर्जा के लिए जिम्मेदार बिम्सटेक सदस्य देशों के मंत्री, उच्च पदस्थ सरकारी अधिकरी, नीति निर्माता, उद्यमी और उद्योग संघ शामिल हैं।

# R.N.S ACADEMY

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. हाल ही में कौन तीसरे वॉयस ऑफ द ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा ?**

(A) भारत (B) चीन

(C) जापान (D) इंग्लैंड

**(A)** हाल ही में भारत 17 अगस्त को वॉयस ऑफ द ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन के तीसरे संस्करण की मेजबानी करने की उम्मीद है, जिसमें जलवायु परिवर्तन के अलावा संघर्षो और विकास संबंधी मामलों के प्रभाव सहित महत्वपूर्ण चुनौतियों के समाधान पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।



**2. हाल ही में किस राज्य में लव जिहाद के दोषी को उम्रकैद की सजा दी जाएगी ?**

(A) असम (B) राजस्थान

(C) उत्तर प्रदेश (D) गुजरात

**(A)** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने उनकी सरकार लव जेहादी के मामलों कें साजा अलाभित के लिए राज्य विधानसभा सत्र में एक नया कानून लाएगी। उन्होंने कहा कि असम सरकार भूमि जेहादी और लव जेहादी पर रोक लगाने के लिए दो कानून ला रही हैं। अगर कोई मुस्लिम हिंदू संपति खरीदना चाहता है या कोई हिंदू मुस्लिम संपति खरीदना चाहता है तो उसे सरकार की मंजूरी लेनी होगी।



**3. हाल ही में किसे SA20 लीग का एंबेसडर नियुक्त किया गया है ?**

(A) शिखर धवन (B) सूर्यकुमार यादव

(C) विराट कोहली (D) दिनेश कार्तिक

**(D)** भारत के पूर्व सुपरस्टार दिनेश कार्तिक को एसए20 लीग का लीग दूत नियुक्त किया गया। कार्तिक दक्षिण अफ्रीका में खेलने वाले इस फ्रेंचाइजी टूर्नामेंट में शामिल होने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी हैं। यह लीग की वैश्विक पहुंच का विस्तार करना और टी-20 क्रिकेट के आकाशगंगा परिदृश्य में अपनी स्थिति को मजबूत करना एक महत्वपूर्ण कदम है।




**4. हाल ही में किस राज्य को जीवनदान पुरस्कार मिला है ?**

(A) आंध्रप्रदेश (B) सिक्किम

(C) गुजरात (D) ओडिशा

**(A)** हाल ही मे विशाखापत्तनम आयुर्विज्ञान संस्थान के निदेशक के रामबाबू, जिन्हें दिल्ली में यह पुरस्कार प्राप्त हुआ, ने बताया कि आंध्रप्रदेश को पहली बार अंग दान और जागरूकता अभियानों में अपनी सेवाओं के लिए जीवनदान पुरस्कार मिला हैं। श्री रामबाबू ने कहा इसी भावना के साथ हम सभी लोगों, खासकर युवाओं में जागरूकता पैदा करने के लिए काम करेंगे।




**5. हाल ही में आपदा प्रबंधन बीमा कराने वाला देश का पहला राज्य कौनसा बना है ?**

(A) बिहार (B) छत्तीसगढ़

(C) नागालैंड (D) मणिपुर

**(C)** नागालैंड आपदा जोखिम प्रबंधन पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वाला पहला राज्य बन गया हैं। यह पहला भारतीय राज्य भी बन गया है जिसने एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के बाद आपदा जोखिम हस्तांतरण पैरामीट्रिक बीमा समाधान को अपनाया हैं। यह सझौता ज्ञापन तीन साल के लिए प्रभावी होगा।



**6. हाल ही में कहां सबसे अधिक लोगों द्वारा डमरू बजाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया है ?**

(A) इंदौर (B) ग्वालियर

(C) उज्जैन (D) इनमें से कोई नहीं

**(C)** मध्यप्रदेश में उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर परिसर में लगभग 1500 लोगों ने एक साथ छोटे डमरू बजाकर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। श्री महाकालेश्चर मंदिर प्रबंधन समिति और मध्यप्रदेश सरकार के संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में महाकाल मंदिर के परिसर में लगभग 1500 लोगों ने एक साथ डमरू बजाया।



**7. हाल ही में भारत ने किस देश की जल विद्युत परियोजना के लिए 5000 करोड़ रूपये मंजूर किये है ?**

(A) श्रीलंका (B) नेपाल

(C) फ्रांस (D) चीन

**(B)** भारत ने नेपाल में 669 मेगावाट हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट के लिए करीब 5 हजार करोड़ रूपये स्वीकृत किए हैं। इस संबंध में भारत सरकार ने नेपाल के लोअर अरूण हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट के निर्माण के लिए सतलज जल विद्युत निगम को करीब 5 हजार करोड़ रूपये के निवेश की अनुमति दी हैं। इसके निर्माण के लिए नेपाल सरकार ने सतलज जल विद्युत निगम को जिम्मेदारी दी हैं।



**8. हाल ही में किस हाईकोर्ट ने धारा 77A को असंवैधानिक घोषित किया है ?**

(A) मद्रास हाईकोर्ट (B) जयपुर हाईकोर्ट

(C) पटना हाईकोर्ट (D) दिल्ली हाईकोर्ट

**(A)** मद्रास उच्च न्यायालय ने हाल ही में फैसला सुनाया है कि पंजीकरण अधिनियम 1908 की धारा 77A असंवैधानिक है। 2022 के राज्य संशोधन के माध्यम से जोड़ी गई इस धारा ने जिला रजिस्ट्रारों को धोखाधड़ी या जालसाजी के आरोपों की स्थिति में संपति के दस्तावेजों को रद्द करने की बहुत अधिक शक्ति दी है।



**9. हाल ही में कहा विरासत प्रदर्शनी शुरू हुई है ?**

(A) जयपुर (B) देहरादून

(C) श्रीनगर (D) नई दिल्ली

**(D)** हाल ही में भारत की हथकरघा विरासत का दो सप्ताह तक चलने वाला उत्सव विरासत प्रदर्शनी नई दिल्ली के जनपथ स्थित हथकरघा हाट में शुरू हो गई हैं। कपड़ा मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम लिमिटेड द्वारा आयोजित यह प्रदर्शनी 10वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर आयोजित की जा रही है, जिसे 7 अगस्त को मनाया गया। यह आयोजन 16 अगस्त तक चलेगा।




**10. हाल ही में पेरिस ओलंपिक में किसने टेनिस में पहला गोल्ड मैडल जीता है ?**

(A) रोजर फेडरर (B) कार्लोस अल्कराज

(C) नोवाक जोकोविच (D) इनमें से कोई नहीं

**(C)** पेरिस ओलंपिक 2024 में नोवाक जोकोविच ने टेनिस में एकल में कार्लोस अल्कराज को फाइनल में हराकर स्वर्ण पदक जीता। जोकोविच ने अलकराज को सीधे सेटों में 7-6, 7-6 से हराया। वह टेनिस में सबसे उम्रदराज ओलंपिक चैंपियन भी बनी। अल्कराज के पास टैनिस में सबसे कम उम्र में ओलंपिक विजेता बनने का मौका था, लेकिन वह असफल रही।

